RESERVE BANK OF FIJI

PRESS RELEASE

Press Release No. **: 07/2010**

Date **: 22 March 2010**

Phone: (679) 3313 611
Fax :(679) 3302 094
E-mail: rbf@reservebank.gov.fj

रिज़ेव बैंक ओफ फीजी तूफान टोमस से पड़े असर व्यपारियों की सहायता करेगा

रिज़ेव बैंक ओफ फीजी के गवनर सदा रेड्डी ने 'सुविधापूर्ण कर्ज' योजना को आज आम किया। यह योजना उन व्यपारियों के लिए है जिनके व्यपार पर तूफान टोमस का असर पड़ा है। इस कर्ज़ योजना में वहीं नीतियाँ है जोकि बाढ़ पुनर्वास योजना में थी जिसे साल दो हज़ार नौ की शुरूआत में आई भीषण बाढ़ के बाद कार्यरूप दिया गया था।

श्री रेड्डी ने कहा कि इस योजना के तहत कर्ज़ लेने वाले व्यपारियों को ज्यादा से ज्यादा छ: प्रतिषत ब्याज भरना होगा। योजना के तहत कर्ज़ को छ: महिनों तक के लिए लिया जा सकता है हाँलाकि इसे पाँच सालो तक के लिए बढ़ाया जा सकता है।

गवनर रेड्डी ने यह भी कहा कि यह योजना अन्य आर्थिक संस्थाओं द्वारा दिए जा रहे योजनाओं के साथ में व्यपारियों के लिए मददगार साबित होगा। उन्होंने आर्थिक संस्थाओं से देश की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने की मांग की है और साथ में बीमा कम्पनियों से भी मांग की है कि तूफान टोमस से सम्बन्धित दावों को जल्द से भर दे।

इस योजना के तहत कुल मिलाकर बीस मिलियन डोलर है। वाणिज्यिक बैंको और फीजी डिवेलोप्मेन्ट बैंक में यह योजना उपलब्ध है जो केवल तूफान टोमस से हानि हुए व्यपारियों के लिए है।

व्यपारीगण निम्न कारनो के लिए अर्ज़ी दे सकते है :

- छतिग्रस्त समानो के बदले नया समान खरीदना;
- छतिग्रस्त मशीनो को बदलने या मरम्मत कार्य के लिए;
- इमारत जिसमें हौटेल और रिसोटस् भी शामिल है के मरम्मत कार्य के लिए; तथा
- तूफान टोमस द्वारा छतिग्रस्त गाड़ियों को बदलने के लिए|

अर्जियों को वाणिज्यिक बैंको और फीजी डिवेलोप्मेन्ट बैंक द्वारा समान्य आधार का जाँच किया जाएगा।

इस योजना को तुरन्त लागू कर दिया गया है जोकि तीस जून तक ही रहेगा।

और भी जानकारी के लिए वाणिज्यिक बैंको, फीजी डिवेलोप्मेन्ट बैंक तथा रिज़ेव बैंक ओफ फीजी को सम्पर्क किया जा सकता है।

RESERVE BANK OF FIJI